हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 8 जून 2026

10 भाजपा मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक ...



09 नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में जिले के सैकड़ों गांव के ...





## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश के चलते विवाद और मारपीट

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक सिद्धार्थ नगर में बीती रात कुंडे व परिहार परिवार के बीच रंजिश के मध्य दो पक्षों में जमकर मारपीट हुआ। एक पक्ष में 15-20 लोग विवाद में पहुंचे थे। कुछ माह पहले भी दोनों परिवारों के बीच विवाद हो चुका है। मामला न्यायालय तक पहुंचा था। उसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनाव है। शुक्रवार की रात को बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोग लाठी, डंडे, लोहे की रॉड और चाकू लेकर परिहार परिवार के यहां पहुंचे। घर में घुसकर तोड़फोड़ की गई और परिवार पर हमला कर दिया। हमले में 7 लोग घायल हैं। किसी को चाकू लगा है तो किसी के सिर में गंभीर चोट आई है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने सिद्धार्थ नगर में पुलिस बल तैनात किया गया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है।

### फरार आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित

**भिलाई।** बीएसपी से स्क्रैप चोरी मामले में फरार चल रहे मास्टर माइंड संजय सिंह और अभय सिंह की जानकारी देने वाले को पुलिस ने 10-10 हजार रुपए का नगद इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने बताया कि लोहा चोरी मामले में पुलिस ने अब तक 8 आरोपियों को पकड़कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है। पुलिस को कार्रवाई में 250 टन लोहे की प्लेट, बीम कटिंग जब्त किया। परिवहन, लोडिंग में उपयोग वाहनों, मशीनों समेत कुल 3 करोड़ 22 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है।

### 25 लाख की ठगी गिरफ्तार

भिलाई। जमीन बेचने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि चन्दखुरी स्थित भूमि खसरा नंबर 1227/1 रकबा 0.0420 हेक्टेयर को क्रय करने के लिए 25.51 लाख रुपये का भुगतान बैंकिंग माध्यम से पीड़ित ने किया गया था। भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित होने के बाद नामांतरण प्रक्रिया में आपत्ति पेश कर नामांतरण निरस्त कराया गया। पुलिस जांच करना शुरु कर दिया इस दौरान पुलिस ने चंदखुरी दुर्ग निवासी गुपेन्द्र कुमार निर्मलकर, खिलेन्द्र कुमार निर्मलकर को पकड़ा है।

# विश्व साइकिल दिवस पर निकली भव्य रैली, जुम्बा डांस बना आकर्षण का केंद्र

## फिट इंडिया मूवमेंट के तरह आयोजन, ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रविवार को /"संडे ऑन साइकिल/" अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का भी उत्साहपूर्ण समापन हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, खिलाड़ियों, स्कूली बच्चों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आयोजित साइकिल रैली में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, डीआईजी रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमा दिवाकर, शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, पार्षद विकास तंबोली, लक्की साहू, रोशन दत्त सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने जिलेवासियों को फिटनेस, खेल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रभावी संदेश दिया।

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का सरल और प्रभावी माध्यम है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है और व्यक्ति सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित होता है। वहीं साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि साइकिलिंग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा प्रदूषण और ईंधन खपत में भी कमी आती है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## कार्रवाई : गौसेवकों की सूचना पर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

# गौवंश तस्करी पर बेरला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 8 गौवंश एवं पिकअप वाहन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बेरला थाना क्षेत्र में गौवंश तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 08 नग गौवंश और तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त किया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत लगभग 4 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोदवा निवासी गणेश वैष्णव एवं अन्य गौसेवकों ने शिकायत दर्ज कराई कि 06 जून की रात सिलघट स्थित डोकरी दाई मंदिर के पास एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोका गया। वाहन में गौवंश भरे होने की आशंका पर जांच करने पर उसमें 08 नग छोटे-बड़े गौवंश क्रूरतापूर्वक ठूंसकर ले जाए जाते पाए





गए। वाहन को रोकते ही उसमें सवार दो व्यक्ति फरार हो गए, जबकि एक युवक मौके पर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम करण पांचे (20 वर्ष) निवासी बड़गांव, थाना लांजी, जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) बताया। उसने अपने साथ चालक मुकेश हरदे एवं एक अन्य साथी के साथ गौवंशों को मध्यप्रदेश ले जाकर बेचने की बात स्वीकार की। मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजकुमार साहू के नेतृत्व में टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान 08 गौवंश (कीमत लगभग 80 हजार रुपये) तथा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 50 जी 2082 (कीमत लगभग 4 लाख रुपये) जब्त किया गया।

पुलिस ने आरोपी करण पांचे एवं चालक मुकेश हरदे, दोनों निवासी जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश), को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस की इस कार्रवाई में थाना बेरला स्टाफ एवं गौसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# तहसील कार्यालय में घुसकर धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार, साजा पुलिस की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के साजा थाना क्षेत्र में अश्लील गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी गुलशन कुमार मनहरे (23 वर्ष) निवासी धौराभांठा ने 21 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 मई को वह साजा तहसील कार्यालय स्थित अपने चेम्बर में कार्य कर रहा था। इसी दौरान आरोपी अकलेश मनहरे उर्फ अखिलेश वहां पहुंचा और शराब बिक्री की शिकायत करने की बात कहते हुए अश्लील गालियां दी तथा जान से मारने की धमकी देकर चला गया। प्रार्थी की शिकायत पर साजा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 351(3) एवं 333 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक रोशन लाल टोन्डे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच कर आरोपी अकलेश मनहरे उर्फ अखिलेश (29 वर्ष) निवासी धौराभांठा को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रोशन लाल टोन्डे, प्रधान आरक्षक विजेंद्र सिंह, दुर्गेश तिवारी, आरक्षक अर्जुन ध्रुव, गोकुल सोनी सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कार्यकर्ताओं की उपेक्षा से बढ़ रही नाराजगी, साजा विधानसभा में संगठनात्मक व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज. थान खम्हरिया/बेमेतरा

साजा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा सरकार होने के बावजूद जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में असंतोष और नाराजगी की चर्चाएं तेज हो गई हैं। क्षेत्र के कई कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार गठन के ढाई वर्ष बाद भी उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को पर्याप्त महत्व नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनमें मायूसी का माहौल बन रहा है।

कार्यकर्ताओं के अनुसार प्रशासनिक कार्यालयों, थाना, तहसील और एसडीएम कार्यालयों में उनकी बातों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। उनका मानना है कि चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताया जाता है, लेकिन सत्ता में आने के बाद उनकी भूमिका सीमित होती दिखाई दे रही है। कई कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्षों से पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने वाले समर्पित लोगों को



अपेक्षित अवसर नहीं मिल रहे हैं, जबकि नए और प्रभावशाली लोगों की पकड़ लगातार मजबूत होती जा रही है। क्षेत्र में विकास कार्यों और अन्य गतिविधियों में भी कुछ चुनिंदा लोगों की भागीदारी अधिक होने की चर्चा है, जिससे कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष बढ़ रहा है।

भाजपा थान खम्हरिया मंडल की संगठनात्मक व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन के कई पदों और जिम्मेदारियों में सीमित लोगों की भागीदारी है, जबकि नए एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहा है। वहीं तकनीकी संसाधनों और अनुभव के अभाव वाले कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारियां सौंपे जाने से संगठनात्मक कार्यों में दिक्कतें सामने आ रही हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि संगठन स्तर पर कार्यकर्ताओं की भावनाओं और समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो इसका असर आगामी चुनावों में देखने को मिल सकता है। कार्यकर्ताओं ने संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को अधिक महत्व देने की मांग की है।

# देवकर में अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव एक साल से लंबित, सुशासन शिविर में फिर उठा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

नगर पंचायत देवकर में अतिक्रमण हटाने का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। सुशासन शिविर के दौरान वार्ड क्रमांक 7 के कांग्रेस पार्षद बीरेंद्र कुंजाम ने नगर क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण और कार्रवाई में हो रही देरी का मुद्दा उठाते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष सहित वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के पार्षदों ने शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने, पंचायत के राजस्व में वृद्धि तथा शीतला मंदिर मार्ग के किनारे संचालित मटन मार्केट के विस्थापन को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। यह विषय 17 सितंबर 2025 की परिषद बैठक के एजेंडे में भी शामिल किया गया था, लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी इस पर कोई ठोस



### तहसीलदार ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

देवकर तहसीलदार सीताराम कंवर ने बताया कि अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए पटवारी को निर्देशित किया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होते ही संबंधित कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई नहीं हो सकी है। पार्षद बीरेंद्र कुंजाम ने आरोप लगाया कि नगर में लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा है और कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं। वहीं कांग्रेस पार्षद मोहन सिन्हा ने वार्ड क्रमांक 6 स्थित श्रीराम वार्ड में हो रहे अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई है। मामले की एक और विशेष बात यह है कि अतिक्रमण हटाने संबंधी ज्ञापन में शामिल भाजपा पार्षद सुरेश सिन्हा पर स्वयं अतिक्रमण कर दुकान संचालन करने का आरोप लगाया जा रहा है। इसके अलावा भाजपा पार्षद रविशंकर स्वर्णकार ने राम मंदिर की भूमि के सीमांकन एवं नापजोख की मांग प्रशासन से की है। दुर्ग-बेमेतरा राज्य मार्ग के किनारे भी लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर स्थानीय नागरिकों ने चिंता जताई है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बढ़ते कब्जों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। शिकायतों में भाजपा पार्षद सुरेश सिन्हा सहित अन्य 12 दुकानों का नाम भी शामिल बताया गया है।

इधर, बासीन रोड किनारे खेती करने वाले लगभग 20 से 25 किसानों को अतिक्रमण संबंधी नोटिस जारी किए जाने के बाद भी ग्रामीणों में असंतोष है। किसानों का कहना है कि प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही, जबकि आम लोगों पर नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है।

स्थानीय नागरिक नाजर बेग ने भी अकलवारा रोड, जामगांव, लुकधरसा तथा नगर की बस्तियों से गुजरने वाले रास्तों से अतिक्रमण हटाने की मांग सुशासन शिविर में की है।

## प्रशिक्षण लेने वालों ने लिया संकल्प

# आरसेटी बेमेतरा बना आत्मनिर्भरता का केंद्र, जिपं अध्यक्ष कल्पना तिवारी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बेमेतरा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं एवं युवाओं को स्वरोजगार के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण और उसके संरक्षण का संकल्प दिलाया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण दिवस केवल एक दिन



का आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का स्मरण कराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि पेड़ों की लगातार कटाई, जलस्त्रोतों के क्षरण और बढ़ते प्रदूषण के कारण जलवायु परिवर्तन एवं जल संकट जैसी समस्याएं गंभीर होती जा रही हैं। बेमेतरा जिला भी हर वर्ष जल संकट और गिरते भूजल स्तर की चुनौती का सामना कर रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, आंगन या खेत की मेड़ पर पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान से पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृ सम्मान का संदेश भी समाज तक पहुंच रहा है। उन्होंने महिलाओं और युवाओं से प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने तथा पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में आरसेटी द्वारा संचालित पशु सखी, राजमिस्त्री एवं अन्य स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षणों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं प्रशिक्षण किट का वितरण किया गया तथा सभी ने पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में अग्रणी बैंक प्रबंधक सुशील कुमार सिंह, एसबीआई के मुख्य प्रबंधक गजेंद्र उइके, आरसेटी निदेशक कृष्णा चौधरी, सरपंच रेखा पात्रे सहित संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# शहर कांग्रेस की बैठक में विकास और संगठन मजबूती पर मंथन,11 जून के कलेक्ट्रेट घेराव की बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को पुराना कांग्रेस भवन, भारत माता चौक में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सौंदर्यीकरण तथा विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी 11 जून को किसान कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित कलेक्ट्रेट घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में किसानों की 9 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आयोजित होने वाले आंदोलन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए वार्ड कांग्रेस समितियों एवं बूथ कांग्रेस समितियों के शीघ्र गठन तथा उन्हें सक्रिय बनाने का निर्णय लिया।

बैठक पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रश्मि मिश्रा ने संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की आवश्यकता पर बल दिया।

**ये रहे उपस्थित** बैठक में किसान कांग्रेस अध्यक्ष मंगत साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू, मंडल अध्यक्ष तोकेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष जनता साहू, महामंत्री नारायण छाबड़ा, चंदू शीतलानी, जगजीत सिंह, सीताराम यदु, रवि गुप्ता, मुख्तार अली, सीमा देवांगन, रानू साहू, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## दुर्घटना: रायपुर से लखनऊ जा रही थी बस, ग्राम पनेका के पास हादसा

# तेज रफ्तार बस का स्टेयरिंग फेल, खेत में पलटी, बाल-बाल बचे सवार यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रायपुर से लखनऊ जा रही यात्रियों से खचाखच भरी एक यात्री बस रविवार को जिले की दशरंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पनेका के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि हादसा चलती बस का स्टेयरिंग फेल हो जाने के कारण हुआ।

गनीमत रही कि तेज रफ्तार बस सड़क किनारे पलटने के बावजूद कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ और सभी यात्री बाल-बाल बच गए। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें इंदौरी अस्पताल में प्राथमिक उपचार और मरहम-पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को नफीस ट्रेवल्स की बस लगभग 50 से अधिक यात्रियों को लेकर रायपुर से लखनऊ के लिए रवाना हुई थी। बस राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (एनएच-30) से होते हुए जब कवर्धा जिले की दशरंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पनेका के पास पहुंची, तभी अचानक उसका स्टेयरिंग फेल हो गया। बस में सवार यात्रियों के अनुसार, स्टेयरिंग फेल होने के समय बस की रफ्तार काफी तेज थी।

इसके चलते चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और अनियंत्रित बस सड़क से उतरकर एक खाईनुमा खेत में जाकर पलट गई। चलती बस का अचानक स्टेयरिंग फेल होने और उसके अनियंत्रित होने से यात्रियों में अफरातफरी और चीख-पुकार मच गई। हालांकि, कोई भी यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

इतनी बड़ी दुर्घटना के बावजूद किसी प्रकार की जनहानि नहीं होना राहत की बात रही। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा यात्रियों की मदद कर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। घटना के संबंध में पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



### लम्बी दूरी की यात्री बसें कितनी सुरक्षित?

यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में यह कोई पहली लम्बी दूरी की यात्री बस नहीं है जो हादसे का शिकार हुई है। इससे पूर्व भी लम्बी दूरी की कई बसें दुर्घटना का शिकार हो चुकी है जिसमें कई यात्रियों को अपनी जान भी गवानी पड़ी है। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि ये लम्बी दूरी की बसे यात्रा के लिहाज से कितनी सुरक्षित हैं। क्या इनमें आपातकालीन दरवाजा अथवा खिड़की काम करती है, क्या इनमें आपातकालीन चिकित्सा किट उपलब्ध है, क्या इनकी गति नियंत्रित होती है, क्या इनमें क्षमता के अनुरूप यात्रियों को बैठाया जाता है। ये कुछ ऐसे सवाल हैं जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### हादसे के बाद ग्रामीणों ने की मदद

घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी दशरंगपुर पुलिस तथा एम्बुलेंस को दी गई। सूचना मिलने पर दशरंगपुर पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजकर उपचार की व्यवस्था कराई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना में कई यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं, हालांकि राहत की बात है कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

### स्टेयरिंग फेल होने से पलटी बस

बस चालक ने पुलिस को बताया कि वाहन निर्धारित गति से चल रहा थी। इसी दौरान अचानक बस का स्टेयरिंग फेल हो गया। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस की रफ्तार कम करने का प्रयास किया, लेकिन स्टेयरिंग काम नहीं करने के कारण वाहन सड़क से नीचे उतरकर खेत में पलट गई। दशरंगपुर पुलिस ने बताया की घायल यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। वहीं यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

# हजारों निवेशकों से की गई 29 करोड़ की ठगी



■ उत्तरप्रदेश की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के हजारों निवेशकों की गाढ़ी कमाई डुबाने वाले बहुचर्चित पीएसीएल चिटफंड घोटाले में कबीरधाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब 13 हजार से अधिक जमाकर्ताओं से लगभग 29.72 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। दोनों आरोपी लंबे समय से कानून की पकड़ से दूर थे और उत्तरप्रदेश की उरई जेल में निरुद्ध थे। पुलिस की इस कार्रवाई से घोटाले में शामिल अन्य आरोपियों पर भी दबाव बढ़ गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएसीएल (पल्स एग्रोटिक कार्पोरेशन लिमिटेड) के एजेंटों और संचालकों ने निवेशकों को कम समय में रकम दोगुनी करने तथा आकर्षक ब्याज का लालच देकर करोड़ों रुपये जमा कराए थे। निवेश अवधि पूरी होने के बाद भी निवेशकों को उनकी राशि वापस नहीं मिली, जिसके बाद पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

जांच में खुलासा हुआ कि कंपनी ने कबीरधाम जिले के 13,275 निवेशकों से कुल 29 करोड़ 72 लाख 41 हजार 178 रुपये जमा कराए थे।

परिपक्वता अवधि पूरी होने के बावजूद निवेशकों की रकम नहीं लौटाई गई, जिससे हजारों परिवार आर्थिक संकट में आ गए। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि प्रकरण के आरोपी गुरनाम सिंह और गुरूजंत सिंह गिल उत्तरप्रदेश के जालौन जिले स्थित उरई जेल में बंद हैं। न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर विशेष टीम को भेजा गया और दोनों आरोपियों को कबीरधाम लाकर गिरफ्तार किया गया।

### पंजाब के दो आरोपी किए गए गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में 70 वर्षीय गुरनाम सिंह निवासी जिला रूपनगर (रोपड़), पंजाब तथा 76 वर्षीय गुरूजंत सिंह गिल निवासी मोहाली, पंजाब शामिल हैं। दोनों पर निवेशकों से धन संग्रह कर रकम वापस नहीं करने तथा धोखाधड़ी में संलिप्त रहने के आरोप हैं। न्यायालय में पेश किए जाने के बाद दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और चिटफंड नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। निवेशकों की मेहनत की कमाई हड़पने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप




### यादव बर्तन भंडार चोरी कांड का खुलासा

**कवर्धा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, 'जन स्वास्थ्य अभियान' द्वारा भोपाल के गांधी भवन में 5 जून 2026 को 'व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य' पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ कबीरधाम जिले से शिक्षाविद मालती गर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकांत यादव ने सम्मेलन में भाग लिया। शिक्षाविद मालती गर्ग ने पर्यावरण एवं श्रमिकों के स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को राष्ट्रीय पटल पर मजबूती से रखा, जिसे विशेषज्ञों द्वारा गंभीरता से लिया गया और रणनीतिक कार्ययोजना में शामिल किया गया। सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत में कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है। लाखों श्रमिक खनन, निर्माण, घरेलू कार्य और असंगठित क्षेत्रों में खतरनाक परिस्थितियों में काम करने को मजबूर हैं। प्रतिभागियों ने श्रम कानूनों के कड़े क्रियान्वयन और सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सिलिकोसिस प्रभावित श्रमिकों ने अपने संघर्ष और चुनौतियों की आपबीती साझा की।

### यादव बर्तन भंडार चोरी कांड का खुलासा

**कवर्धा।** शहर के नवीन बाजार स्थित यादव बर्तन भंडार में हुई चोरी की घटना का कवर्धा पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया सामान भी बरामद कर जब्त कर लिया है, जबकि मामले का दूसरा आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यादव बर्तन भंडार के संचालक रूपचंद यादव द्वारा दुकान में चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल आरोपी परमेश्वर धुर्वे रेवाबंध तालाब के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी परमेश्वर धुर्वे ने अपने साथी बादल सतनामी के साथ मिलकर दुकान का शटर उठाकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने दुकान से कांसे, तांबे, पीतल और स्टील के बर्तनों सहित अन्य सामान चोरी किया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया सामान बरामद कर जब्त कर लिया।

# वृद्ध, विधवा और दिव्यांगजनों को पेंशन की राशि दिलाने प्रदेश के राज्यपाल से मांग

■ राज्यपाल शक्तियों का प्रयोग करने पूर्व मंत्री ने किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा सभी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि पेंशनधारियों को पिछले कई माह से नहीं मिल पा रही है।

इसे लेकर प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री व कांग्रेस वरिष्ठ नेता मोहम्मद अकबर ने राज्यपाल को पत्र लिखा है। अकबर ने राज्यपाल से पेंशनधारियों को बकाया पेंशन राशि तत्काल दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल महोदय अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करें कि भारत सरकार से इस मद की राशि आती रहेगी, तब तक किसी अन्य मद से नियामानुसार पेंशन धारियों को पेंशन का भुगतान किया जाए जिसका बाद में समायोजन किया जाएगा क्योंकि पहले भी ऐसे हुआ है। राज्यपाल रमन डेका को लिखे पत्र में अकबर ने कहा है कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन,दिव्यांग पेंशन के साथ साथ सभी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि केन्द्र एवं राज्य सरकार के राज्यांशों से प्रदत्त की जाती है।

प्रदेश के लगभग 22,70,000 पेंशनधारियों को पिछले लगभग पांच माह से पेंशन राशि नहीं मिलने से वे दर-दर भटक रहे है। कमरतोड़ महंगाई के चलते इन गरीबों का गुजारा बड़ी मुश्किल से हो रहा है। अब तो फूटी कौड़ी भी अपने पास न होने से इन लोगों के समक्ष भूखे मरने की नौबत है।

भीषण गर्मी में ये लोग अपनी गुहार लेकर शासकीय कार्यालयों के चक्कर काट रहे है। सुशासन तिहार के शिविर में मिल रहे आवेदनों व शिकायतों में सर्वाधिक संख्या पेंशन की राशि के लिए भटक रहे इन हितग्राहियों की है। इन सभी को सुशासन तिहार में शामिल करने की आवश्यकता है। यदि सुशासन तिहार समय अवधि में इनको पेंशन प्राप्त नहीं हुआ तो सुशासन की अवधि समाप्त होने पर और किसी का ध्यान इस ओर नहीं जाएगा। इसलिए समय रहते इनको पेंशन राशि का भुगतान कर दिया जाना चाहिए।

### संवैधानिक अधिकार का दिया हवाला

उन्होंने राज्यपाल के संवैधानिक अधिकार का हवाला देते हुए कहा है कि 'संविधान के अनुच्छेद 154 में राज्य की कार्यपालिका शक्ति परिभाषित की गई है। जिसके अनुसार राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होगी और वह इसका प्रयोग इस संविधान के अनुसार स्वयं या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा करेगें।

# उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कहा जा रहा है कि अब ग्रीष्म ऋतु की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और 15 जून के आसपास मानसून सक्रिय हो सकता है। लेकिन जाते-जाते भीषण गर्मी जो सितम ढा रही है वह लोगों के किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बदलते मौसम के बीच अंचल के आसमान में भले ही बादलों का ढेरा देखने को मिल रहा है लेकिन जहां तक उमस भरी गर्मी की बात की जाए तो वह कम होने का नाम नहीं ले रही है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ रहा है साथ ही इसका उनकी सेहद पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे अब लोगों को मानसून का इंतजार है।

# अवैध रूप से गांजा परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



स.लोहारा पुलिस ने बीते शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3.614 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ देहाती अपराध क्रमांक 0/26 तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(2)(बी) के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम लाखा टोला तिराहा पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 25 क्यू 2448 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्कूटी सवार कृष्णा उर्फ नोंची बंजारे, पिता बुवाल बंजारे, उम्र 20 वर्ष, निवासी थान खम्हरिया वार्ड क्रमांक 1 के कब्जे से 3.614 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 36,140 रुपये बताई गई है।

आरोपी उक्त मादक पदार्थ को बिक्री हेतु परिवहन कर रहा था। पुलिस ने गांजे के साथ स्कूटी और एक एप्पल मोबाइल फोन सहित कुल 1,41,140 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त कर ली। मामले में मौके पर देहाती अपराध क्रमांक 0/26 तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(2)(बी) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## आयोजन...



**कवर्धा।** विशाल सत्संग में जुटे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु।

# अनुयायियों ने सम्पन्न कराया दो जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका वीर सावरकर भवन में रविवार को संत रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा विशाल सत्संग एवं दहेज मुक्त विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक सत्संग का लाभ उठाया।

भीषण गर्मी के बावजूद बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर ठंडे पेयजल, चाय-बिस्कुट, कूलर और पंखों की विशेष व्यवस्था की गई थी। सत्संग के दौरान संत रामपाल महाराज के विचारों एवं सामाजिक सुधार से जुड़े संदेशों पर प्रकाश डाला गया।

सत्संग के उपरांत संत रामपाल महाराज द्वारा बताई गई सरल एवं दहेज मुक्त विवाह पद्धति के अनुसार दो जोड़ों का विवाह मात्र 17 मिनट में संपन्न कराया गया। पहला विवाह नवागांव खैरागढ़-छुईखदान-गंडई निवासी पूरन दास एवं भिंभौरी कबीरधाम निवासी ममता दासी के बीच हुआ।

वहीं दूसरा विवाह बीजातराई जिला मुंगेली निवासी द्रोण दास एवं चिखली जिला कबीरधाम निवासी रेखा दासी के मध्य संपन्न हुआ।

# विधायक ने ग्राम पेंड्रीकला में रखी विकास कार्यों की नींव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया की ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

ग्रामवासियों ने उनका बाजा-गाजा और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। भूमि पूजन के तहत लगभग 22 लाख 40 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण, 6 लाख रुपए की नाली निर्माण, 5 लाख रुपए की लागत से मंदिर जीर्णोद्धार कार्य तथा 3 लाख 66 हजार रुपए की लागत से मुक्तिधाम निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। भूमि पूजन विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र लहरे ने की। इस अवसर पर बालमुकुंद चंद्रवंशी, श्रीमती नंदनी साहू, छत्र किशोर तिवारी (जनपद उपाध्यक्ष पंडरिया), मनहरण साहू, श्रीमती सुमन गुप्ता, चंद्रभान गायकवाड़, संतोष चंद्रवंशी, विकास पांडेय, शेखर चंद्रवंशी तथा ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सरिता अजय चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थें।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता दिनेश मिश्रा, देवेंद्र चंद्रवंशी, जेठूराम निर्मलकर, दिलीप चंद्रवंशी, सुखचैन भास्कर, कपिल चंद्राकर, धजाराम चंद्राकर, रामेश्वर साहू, गीताराम साहू, फिरतू साहू, उपसरपंच सुकृता मनोज चंद्राकर, पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें। ग्रामवासियों ने विकास कार्यों की सौगात मिलने पर खुशी जताते हुए विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया।

### विकास को प्राथमिकता: विधायक

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सीसी रोड, नाली, मुक्तिधाम और मंदिर से जुड़े कार्यों के पूरा होने से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और गांव के विकास को नई गति मिलेगी।

## पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में निकली साइकिल रैली

# विश्व साइकिल दिवस पर दिया गया फिटनेस संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्व साइकिल दिवस एवं संडे ऑन साइकिल अभियान के अवसर पर रविवार को कबीरधाम पुलिस द्वारा स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष साइकिल रैली एवं पैदल वॉकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कबीरधाम से हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, आशीष शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार चंद्राकर, अखिलेश कौशिक, भूपत सिंह, रक्षित निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों एवं काली गार्डन क्षेत्र में पैदल वॉकिंग की गई तथा तत्पश्चात साइकिल रैली के माध्यम से नागरिकों को नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया।



## खबर संक्षेप

### भवसागर से पार जाने के लिए राम कथा सुदृढ़ नौका



**कवर्धा।** धर्म धराधाम ग्राम पलानसरी में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्री राम कथा के तृतीय दिवस शंकराचार्य के शिष्य धर्मानन्द पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि भगवान श्री राम-माता शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश देते हुए कहते हैं कि दूसरी भक्ति मेरे कथा से प्रेम करना है। उन्होने कहा कि मानव जीवन बहुत दुर्लभ है भगवान की कृपा से प्राप्त होता है इसका हमें सदुपयोग करना चाहिए। भगवान ने भवसागर से पार जाने के लिए, मोक्ष प्राप्त करने के लिए यह मानव तन दिया है। यह मानव तन भगवान का भजन करने के लिए मिला है भगवान की भक्ति करने के लिए मिला है। सत्संग कथा के द्वारा हमें इस बात की जानकारी होती है कि हमारे जीवन की वर्तमान में दशा क्या है दिशा क्या है? और वास्तव में जीवन की दिशा और दशा क्या होनी चाहिए। कथा सत्संग के द्वारा हमें यह ध्यान दिलाया जाता है कि संसार के कार्यों में भगवान को मत भूलो, भजन को मत भूलो भगवान का भजन करने के लिए ही और भगवान को पाने के लिए ही यह मानव तन भगवान ने दिया है। हमारा कल्याण कैसे होगा? इसकी जानकारी भगवान के कथा से होती है, सत्संग के द्वारा होती है। भगवान की कथा में हमें भगवान के मंगलमय गुणों के बारे में उनके स्वभाव और प्रभाव के बारे में जानकारी मिलती है जिससे हम भगवान के संबंध में जान सकते हैं। उनकी दया, उनकी कृपा, उनकी महिमा की जानकारी भगवान की कथा से होती है तब धीरे-धीरे हमारा मन भगवान के श्री चरणों में लगने लग जाता है। संसार से हमारा राग हटने लगता है और भगवान के चरणों में अनुराग होने लग जाता है। इसी के लिए भगवान की कथा है। हम कथा क्यों सुनते हैं ? हम कथा इसलिए सुनते हैं कि हमारे जीवन की व्यथा दूर हो, जाए हमारे जीवन का दुख दूर हो जाए, हमारा अज्ञान दूर हो जाए, हमें भक्ति ज्ञान वैराग्य की प्राप्ति हो, हमें सुख मिले, आनंद मिले, भगवान का धाम मिले, भगवान की प्राप्ति हो इसलिए कथा सुनते हैं। भगवान की मंगलमयी कथा से इन चीजों की हमें प्राप्ति हो जाती है। राम चरण रति जो चह अथवा पद निर्वाण। भाव सहित सो यह कथा करहूं श्रवन पुट पान।। आनंद उपाध्याय ने कहा कि भगवान की कथा सुनने से मोक्ष और भगवान के चरणों भक्ति दोनों मिल जाती है।यदि हमारे मन में संसार की वस्तु पाने की इच्छा है तो वह भी मिल जाता है। भगवान की कथा सुनने से संसार का सुख भी हमको प्राप्त होता है। भगवान की कथा बड़ी सावधानी से सुननी चाहिए सुनकर के मन में धारण करना चाहिए। मनन करना चाहिए चिंतन करना चाहिए फिर जो हमारे अनुकूल है जो हमारे लायक है उन तत्वों को अपने जीवन में उतार करके अपना कल्याण करना चाहिए।

### जगन्नाथ एवं शिव मंदिर नवनिर्माण कार्य जोरो पर



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में भगवान जगन्नाथ एवं भगवान शिव का भव्य मंदिर निर्माण कराया जा रहा है। यह मंदिर गांव के निवासी राकेश शर्मा के सौजन्य से उनके निजी भूमि परिसर में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से जारी है और भवन का अधिकांश ढांचा तैयार हो चुका है। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है तथा शेष कार्य भी जोर-शोर से किया जा रहा है। अनुमान है कि आगामी एक-दो माह में मंदिर पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद विधि-विधान के साथ भगवान जगन्नाथ एवं भगवान शिव की प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। मंदिर गांव के तालाब के समीप स्थित होने के कारण यह क्षेत्र धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनने की संभावना है। खास बात यह है कि कोलेगांव में पहली बार भगवान जगन्नाथ का मंदिर स्थापित होने जा रहा है, जिससे ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने राकेश शर्मा के इस धार्मिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि मंदिर निर्माण से गांव की धार्मिक पहचान को नई दिशा मिलेगी। मंदिर निर्माण की खबर से पूरे गांव में खुशी का माहौल है और श्रद्धालु इसके पूर्ण होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### हरिनछपरा-नाऊडीह-दौजरी सड़क नवीनीकरण कार्य शुरू



**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हरिनछपरा चौक से नाऊडीह-दौजरी आने जाने वाले पीएम सड़क की तस्वीर अब बदलने वाले हैं, बताया जाता है कि इन सड़कों की तस्वीर पहले अत्यंत जर्जर और बदहाल थी। जिसमें किसानों, राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी उठाना पड़ता था, सबसे ज्यादा गन्ना कृषकों अपनी उपज को भोरमदेव शक्कर कारखाना आने जाने में भारी दिक्कत होती थी। ग्रामीण किसानों ने बताया कि कभी-कभी गन्ना फसल से लादी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाती थी, जिससे किसानों को दोगुना मेहनत करना पड़ता था साथ ही साथ बरसात के दिनों में सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते थें वहीं जलभराव की स्थिति निर्मित होने से आवाजाही बाधित हो जाती थी। जिस पर ग्रामीणों की बुनियादी समस्याओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने समस्या को संज्ञान लेते हुए पीएम सड़क की नवीनीकरण के लिए स्वीकृति राशि प्रदान की गई और स्वीकृत राशि मिलते ही ठेकेदार द्वारा जोर-शोर से सड़क की नव निर्माण का कार्य काम जोरो से किया जा रहा है। वहीं बहुत जल्द क्षेत्र के ग्रामीणों व राहगीरों को नवीनीकरण का लाभ मिलेगा जिससे आवागमन सुगम होगा।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण संपन्न




**कवर्धा।** ग्राम सेमरहा में विगत दिनों 5 जून को राजगोंड समाज प्रधान कार्यालय भोरमदेव एवं विभिन्न सामाजिक केंद्रों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। समारोह में सामान्य, युवा, कर्मचारी एवं महिला प्रभाग सहित विभिन्न केंद्रों के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई तथा नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों और समाजसेवा में योगदान देने वाले वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती भावना बोहरा ने समाज के मंगल भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपए की घोषणा की तथा शिक्षा एवं संस्कृति संरक्षण पर बल दिया। अध्यक्ष फगनू राम धुर्वे और संरक्षक विदेशी राम धुर्वे ने समाज की एकता, परंपराओं के संरक्षण एवं संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित थें।

## नवागढ़ में करोड़ों की नहर पर झाड़ियों का कब्जा

# 11.43 करोड़ की छोइहा नहर बदहाली की शिकार झाड़ियों और कचरे में गुम हुई विकास की तस्वीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शहर को गंदगी, दुर्गंध और बाढ़ जैसी समस्याओं से राहत दिलाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई नवागढ़ नगर के बीचों बीच छोइहा नाला नहर इन दिनों अपनी बदहाली के कारण चर्चा में है। करीब 11.43 करोड़ रुपए की लागत से बने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का सपना था कि शहर को स्वच्छता और बेहतर यातायात की सौगात मिले, लेकिन चार साल बाद हालात ऐसे हैं कि लोग मजाक में इसे नहर कम और मिनी जंगल ज्यादा कहने लगे हैं।

नहर के भीतर 10 से 12 फीट ऊंची झाड़ियां उग आई हैं। कई स्थानों पर कचरा और घास इतनी घनी हो चुकी है कि पानी का प्रवाह तक दिखाई नहीं देता। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई मवेशी नहर में गिर जाए तो उसे रेस्क्यू ऑपरेशन से कम नहीं होगा।

#### गंदे नाले को नहर बनाया लेकिन रखरखाव को भूल गए

छोइहा नाला शहर की प्रमुख जल निकासी व्यवस्था है। पहले यहां गंदा पानी जमा होने से दुर्गंध और जलभराव की समस्या बनी रहती थी। इसे देखते हुए जल संसाधन विभाग ने 1143.34 लाख रुपए की लागत से बाढ़ सुरक्षा और नहर निर्माण परियोजना शुरू की थी।

परियोजना के तहत मुख्य बाजार क्षेत्र में लगभग 400 मीटर नाले को अंडरग्राउंड किया गया, जबकि छीरहा रोड तक 860 मीटर क्षेत्र में कंक्रीट दीवारों के साथ नहर का निर्माण हुआ। कुल मिलाकर 1260 मीटर लंबी संरचना तैयार की गई।

काम पूरा होने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब शहर की तस्वीर बदलेगी, लेकिन निर्माण एजेंसी के जाने के बाद मानो पूरी परियोजना भी सरकारी फाइलों में विश्राम करने चली गई।

#### चार साल में एक बार भी नहीं हुई सफाई

स्थानीय नागरिकों के अनुसार नहर बनने के बाद से आज तक कोई बड़ा सफाई अभियान नहीं चलाया गया। नतीजा यह हुआ कि नहर में झाड़ियां, घास, प्लास्टिक और अन्य कचरा जमा होते-होते अब स्थायी रूप ले चुका है। बरसात का मौसम सामने है और लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते सफाई नहीं हुई तो पानी की निकासी प्रभावित होगी तथा आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या फिर खड़ी हो सकती है।

#### अब 99 लाख का नया काम लेकिन रास्ते में कचरे की दीवार

इस बीच अधूरे केनाल रोड को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए 114 मीटर एक्सटेंशन स्लैब निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस कार्य पर करीब 99 लाख रुपए खर्च किए जाने हैं।

हालांकि जिस नहर में वर्षों का कचरा और झाड़ियां जमी हों, वहां नया निर्माण कार्य शुरू करना भी आसान नहीं होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले सफाई हो, फिर निर्माण हो। अन्यथा नई परियोजना भी पुरानी कहानी का हिस्सा बन सकती है।

#### जिम्मेदारी को लेकर विभागों में खींचतानः अध्यक्ष

नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने बताया कि नहर की सफाई को लेकर नगर पंचायत और जल संसाधन विभाग के बीच जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं होने से स्थिति बनी हुई है। दोनों विभागों के बीच समन्वय की कमी और अधिकार क्षेत्र को लेकर खींचतान के कारण नियमित सफाई नहीं हो पाई। उनका कहना है कि जल्द ही संबंधित विभागों के साथ चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा और सफाई कार्य शुरू कराया जाएगा।

**बदबू से परेशान लोग, बीमारी का डरः** स्थानीय निवासी धनीराम निर्मलकर, कुलेश्वर सिंहा, अवतार यादव का कहना है कि सफाई के नाम पर हर साल लाखों रुपए खर्च होने की बातें सुनाई देती हैं, लेकिन नहर की स्थिति देखकर इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। आसपास रहने वाले लोगों को बदबू, मच्छरों और संक्रमण का खतरा लगातार बना हुआ है।

नागरिकों का कहना है कि बरसात शुरू होने से पहले यदि सफाई नहीं हुई तो हालात और बिगड़ सकते है। फिलहाल छोइहा नाला की तस्वीर यही कहानी कह रही है कि विकास कार्य केवल निर्माण से पूरे नहीं होते, उनकी नियमित देखरेख भी उतनी ही जरूरी होती है। वरना करोड़ों की परियोजनाएं धीरे-धीरे झाड़ियों, कचरे और सवालों के बीच गुम हो जाती हैं।

### जिले में 70 हजार क्विंटल धान शॉर्टेज 19 करोड़ रुपए का धान जमा होना बाकी



**कवर्धा।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य समाप्त होने और धान उठाव की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मार्कफेड की रिपोर्ट में जिले की विभिन्न सहकारी समितियों में लगभग 70 हजार क्विंटल धान की शॉर्टेज दर्ज की गई है।

प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी ने जिला प्रशासन की धान उठाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते सहकारिता विभाग बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ को देश का धान का कटोरा कहा जाता है, जहां हर वर्ष करोड़ों क्विंटल धान की खरीदी की जाती है, लेकिन खरीदी के बाद कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों को धान उठाव की प्रक्रिया के बीच इतनी बड़ी मात्रा में धान का अभाव सामने आना बेहद चिंताजनक माना जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिले की दर्जनों समितियों में रिकॉर्ड और वास्तविक भंडारण के बीच बड़ा अंतर पाया गया है।

सूत्रों के अनुसार भौतिक सत्यापन में सामने आए आंकड़े इस बात की ओर संकेत कर रहे हैं कि धान खरीदी, भंडारण और उठाव की पूरी प्रक्रिया में कहीं न कहीं गंभीर अनियमितता हुई है। सवाल यह भी उठ रहा है कि किसानों से खरीदा गया हजारों क्विंटल धान आखिर कहां गया और इसकी जिम्मेदारी किसकी है।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में जिले के सैकड़ों गांव के लोग लाभांवित

## 587 लोगों ने करवाई जांच, 237 मोतियाबिंद के मरीज : अश्वनी यदु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुण्डा/कोलेगांव

विधानसभा पंडरिया के दामापुर क्षेत्र में आयोजित नेत्र जांच शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने नेत्र का जांच करवाया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा के मार्गदर्शन में रायपुर अरविंदो नेत्रालय के टीम द्वारा आधुनिक मशीन से जांच कर मार्गदर्शन किया गया।

विशाल नेत्र जांच शिविर के आयोजक अश्वनी यदु, बहादुर खान ने बताया की उक्त कार्यक्रम में मुंगेली जिला बेमेतरा, कवर्धा एवं दुर्ग जिला तक के मरीजों ने अपने नेत्र जांच करवाया।

जांच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुई एवं जांच शिविर का निरीक्षण कर डॉक्टर टीम से मरीजों के बारे में जानकरी ली। विधायक भावना बोहरा ने कहा की शरीर के कोई भी अंग में थोड़ा बहुत परेशानी आ जाए तो उसके सहारे जिया जा सकता है, लेकिन आंख अगर खराब हो जाए तो जीवन अधूरा हो जाता है। उन्होने कहा कि जो भी इंसान इस दुनिया में आया है सबको एक दिन इस दुनिया से जाना है, मगर जाने से पहले समाज में मिशाल बनकर जाना चाहिए। वहीं विधायक भावना बोहरा ने नेत्र जांच शिविर के आयोजक अश्वनी यदु व बहादुर खान तथा ग्राम के पंच सभी को समाज हित में किए गए कार्य के लिए शुभकामनाएं दी।

#### 500 से अधिक लोगों का जांच हुआ

विधायक के मार्गदर्शन में आयोजित नेत्र जांच परामर्श से रूप रेखा तैयार हुआ परिणाम स्वरूप कई जिले के लोग इसका लाभ लिए जिसमें 500 से अधिक लोगों का जांच करवाया गया और जो मरीज रायपुर जाने के लायक हैं, उनको जल्द रायपुर ले जाया जाएगा। अश्वनी यदु ने कहा की यह विशाल जांच शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका दामापुर सरपंच बहादुर खान एवं उनके पंचायत के उपसरपंच एवं पंचो का रहा जिनके अथक प्रयास से कार्यक्रम सफल हो पाया।

# कुण्डा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुण्डा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 12 साल बेमिसाल कार्यकाल के उपलक्ष्य में भाजपा मण्डल कुण्डा का एक दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं मण्डल प्रभारी रूपेश जैन के निदेशानुसार मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्ग दर्शन में कार्यक्रम के संयोजक जिला कार्यकारणी सदस्य संतोष चंद्रवंशी के दिशा-निर्देश में भाजपा मण्डल कुण्डा ने ग्राम कुण्डा में एक दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र प्रथम संकल्प के साथ निरंतर प्रधानमंत्री के रूप में सेवा दे रहे प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार के ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण 12 वर्ष 7 जून को पूर्ण हो रहे है, 12 साल विश्वास के विकास जन कल्याण के पूर्ण होने के शुभ अवसर पर 5 से 21 जून तक विशेष अभियान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मण्डल प्रभारी रूपेश जैन ने कार्यशाला के दौरान 5 से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा जारी की इसके तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण अभियान, विकसित भारत संकल्प, अभियान बूथ स्तरीय बैठके घर-घर संपर्क अभियान लाभार्थी संवाद कार्यक्रम महिला एवं युवा सम्मेलन योग दिवस आयोजन व श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी दी।

इस दौरान शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक, सह संयोजक समस्त बूथ अध्यक्ष, भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ता, महिला मोर्चा, अजा मोर्चा, युवा मोर्चा मोर्चा/प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें।

#### नारी सशक्तिकरण देश का समग्र विकास प्रमुख उपलब्धियांः रूपेश जैन

कार्यशाला के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रभारी रूपेश जैन ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने गरीब शोषित एवं वंचित वर्गों के कल्याण हेतु उल्लेखनीय कार्य किए है विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करना नारी का सशक्तिकरण तथा देश का समग्र विकास हमारी प्रमुख उपलब्धियां रही उन्होंने कहा वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में प्रवर्तित करते हुए सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रही है।

# सुरेश सिंह व भीषण तिवारी से की भेंट मुलाकातः अर्जुन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोलेगांव

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष अर्जुन तिवारी एक दिवसीय प्रवास पर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक परिवारों से मुलाकात की। पांडातराई में उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता भीषण तिवारी के निवास पहुंचकर उनकी माता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। अर्जुन तिवारी ने कहा कि माता का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है और उनका निधन अपूरणीय क्षति है। इसके बाद वे ग्राम सरई पतेरा कला पहुंचे, जहां उन्होंने हाल ही में सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे कांग्रेस के कर्मठ नेता सुरेश सिंह ठाकुर का हालचाल जाना। उन्होंने सुरेश सिंह को पूर्ण विश्राम करने तथा डॉक्टरों की सलाह का पालन करने की सलाह देते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अर्जुन तिवारी ने कहा कि सुरेश सिंह जैसे समर्पित कार्यकर्ता कांग्रेस संगठन की ताकत हैं। देर रात अर्जुन तिवारी ग्राम किशुनगढ़ पहुंचे और गौकरण जायसवाल के परिवार से मुलाकात कर हाल ही में हुई दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उनका यह दौरा सामाजिक सौहार्द, मानवीय संवेदनाओं और आत्मीयता का संदेश देने वाला रहा।

#### किराना दुकान में शराब बेचते पकड़ाया

कवर्धा। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों अवैध शराब व गांजा तथा अन्य मादक पदार्थो तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भोरमदेव थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली में एक किराना दुकान की आड़ में अंग्रेजी शराब और बीयर बेचे जाने का मामला सामने आया है। थाना भोरमदेव पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से बीयर, अंग्रेजी शराब तथा बिक्री की नगदी जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में दबिश दी। मौके पर आरोपी परमेश्वर पिता जुठेल साहू आयु 33 वर्ष को दुकान के सामने ग्राहकों को शराब बेचते पकड़ा गया। तलाशी में 12 बोतल ब्लैक बस्टर बीयर, तीन पौवा अंग्रेजी शराब और बिक्री से प्राप्त 2,140 रुपए नकद बरामद हुए। आरोपी कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत भोरमदेव पुलिस और साइबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### तिरगा में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**अंडा।** ग्राम तिरगा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सर्जना युवा समिति तिरगा एवं नेहरू युवा केंद्र दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां वृक्षारोपण किया गया और स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू उपस्थित रहीं, साथ में सरपंच ग्राम पंचायत तिरगा घसिया राम देशमुख, उपसरपंच सुखीत राम, ग्राम पटेल बाबूलाल देशमुख, शाला विकास समिति अध्यक्ष युवराज देशमुख, सोमन लाल देशमुख, प्रिंसिपल रामटेके, राजू गुरु , पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन, हेमंत ऋषि देशमुख, घनश्याम देशमुख,महेश्वर यादव, विनय ठाकुर एवं बड़ी संख्या में शाला के शिक्षक गण छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

### पीएम स्वनिधी आत्मनिर्भर लोक कल्याण मेला 12 से

**जामुल।** प्रधानमंत्री स्वनिधी आत्मनिर्भर लोक कल्याण मेला का आयोजन नगर पालिका जामुल के सभागार में 12 जून एवं 17 जून को किया जा रहा है। जिसमें पथ विक्रेता ठेलेवाले, सब्जी विक्रेता, चुड़ी व्यापारी, स्व सहायता समूह, सेलुन चौपाटी, दर्जी, मोची, एवं अन्य पथ कर विक्रेता उपस्थित होकर पी.एम. स्वनिधी फार्म भर सकते हैं। पीएम स्वनिधी का फार्म भरने का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

कार्यकर्ताओं ने लगाए एक पेड़ मां के नाम

उतई। भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम का आयोजन किया। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि माँ के सम्मान में लगाया गया एक पेड़,आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और जीवन का उपहार है। इस अवसर पर उतई मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत,महामंत्री चंदु देवांगन,प्रवीण यदु,उतई सोसायटी अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,सरपंच पुरई डोमार सिंह साहू,मचांदुर सोसायटी अध्यक्ष फलेन्द्र सिंह राजपूत,सुखीत यादव,सांसद प्रतिनिधि सुश्री ममता चन्द्राकर,महिला मोर्चा उतई मंडल महामंत्री रंजना चन्द्राकर,शत्रुहन साहू,हरीश यादव,कांति साहू,प्रशांत ठाकुर,हर्ष चंदेल,पंच ममता देवांगन,सतरूपा साहू,घनश्याम चन्द्राकर,लोकेश निषाद,मोतिम ठाकुर,रामरतन मेश्राम,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विमला कामड़े,एकता चन्द्राकर एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्राम सभा में खेत बचाओ अभियान पर चर्चा

**पाटन।** ग्राम चंगोरी विकासखंड पाटन में आयोजित ग्राम सभा में "खेत बचाओ अभियान" को शामिल करते हुए कृषकों को मृदा स्वास्थ्य एवं संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक कृषि, दुर्ग संभाग गोबिका गबेल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में कृषकों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा परीक्षण आधारित पोषण प्रबंधन तथा हरी खाद के उपयोग एवं महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### धीवर समाज के आम चुनाव में संजू बने अध्यक्ष

अंडा। दुर्ग धीवर समाज अण्डा परगना का वार्षिक आम चुनाव ग्राम अण्डा में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन महासभा रायपुर के अध्यक्ष सुरेश धीवर, अभनपुर अध्यक्ष वेदव्यास धीवर, दुर्ग अध्यक्ष दासु धीवर तथा समाज के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। चुनाव के बाद संजू बाघमार को अण्डा परगना का अध्यक्ष, जीतेन्द्र धीवर को सचिव तथा जागेश्वर धीवर को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

---

विकास धर दीवान ने कराया विधायक नवदंपति को नवागढ़ नगर भ्रमण

# विवाह उपरांत पहली बार नवागढ़ पहुंचे विधायक दीपेश साहू, हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सामूहिक विवाह समारोह में सादगीपूर्ण विवाह कर प्रदेशभर में चर्चा का विषय बने बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शनिवार को अपनी धर्मपत्नी के साथ विवाह उपरांत पहली बार नवागढ़ पहुंचे। उनके सहपत्नीक प्रथम आगमन को लेकर नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं, समाजजनों एवं नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर उनका आत्मीय स्वागत किया।

नवागढ़ रेस्ट हाऊस पहुंचते ही भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री विकास धर दीवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा कर विधायक दंपति का भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से अभिनंदन करते हुए नवदंपति को सुखद एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। रेस्ट हाऊस परिसर में लगे जयघोषों से वातावरण उत्साह और उल्लास से भर उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। विकास धर दीवान ने विधायक दीपेश साहू की भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं स्थानीय नागरिकों से वन-टू-वन मुलाकात भी कराई।

**मां कर्मा भवन में साहू समाज ने किया आत्मीय स्वागतः** नगर भ्रमण के दौरान विधायक दंपति मां कर्मा भवन भी पहुंचे, जहां तहसील साहू संघ के अध्यक्ष प्रेमु साहू के नेतृत्व में साहू समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर समाजजनों ने पुष्पमालाओं से अभिनंदन कर नवदंपति को शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात मां कर्मा मंदिर में विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक दंपति ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया।





**दीवान ने करवाए प्रमुख मंदिरों के दर्शन**

रेस्ट हाऊस में मुलाकात कार्यक्रम के पश्चात विधायक दीपेश साहू अपनी धर्मपत्नी के साथ नगर भ्रमण पर निकले। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने उन्हें नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए। विधायक दंपति ने शमी गणेश मंदिर, मां महामाया मंदिर, शक्ति मंदिर एवं मां कर्मा मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिरों में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं ने नवदंपति का अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### जनता का स्नेह मेरी सबसे बड़ी ताकत : दीपेश साहूः

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि विवाह के बाद पहली बार अपने गृह क्षेत्र नवागढ़ आने का अवसर मिला है। यहां कार्यकर्ताओं, समाजजनों और नागरिकों ने जो स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद दिया है, उससे मैं अभिभूत हूं। नवागढ़ मेरे घर-परिवार का हिस्सा है। क्षेत्र के विकास, जनसेवा और सामाजिक समरसता के लिए मैं पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहूंगा। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने कहा कि विधायक दीपेश साहू ने सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज को सादगी, संस्कार और सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। नवागढ़ आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों द्वारा किया गया भव्य स्वागत उनके प्रति जनता के स्नेह, विश्वास और आत्मीय जुड़ाव को दर्शाता है।

### जनसेवा और सादगी का प्रेरक उदाहरण : मधु रॉय

जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने कहा कि विधायक दीपेश साहू का सरल व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बनाती है। सामूहिक विवाह में शामिल होकर उन्होंने समाज के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।
अंत में जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय के निवास पर स्वागत एवं सौजन्य भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां भी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने विधायक दंपति का अभिनंदन किया। इसके पश्चात विधायक दीपेश साहू एवं उनकी धर्मपत्नी अपने गृह ग्राम मुरता के लिए रवाना हुए, जहां वे पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। उनके प्रथम सहपत्नीक नवागढ़ आगमन ने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में नया उत्साह भर दिया तथा पूरे नगर में दिनभर उत्सव जैसा वातावरण बना रहा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, निमिराज सोनवानी, जित्तु भुवाल, सुरेश निषाद, महेश टंडन, फूलचंद साहू, वेदप्रकाश वर्मा, शोभित साहू, तोपसिंह साहू, दानीराम जायसवाल, कपिल साहू, जित्ते रजक, राजा सोनकर, तिलक साहू, आजूराम साहू, दिलीप साहू, सावित्री रजक, विकास तम्बोली, योगेश वर्मा, रोहित साहू, उमेश्वरी साहू, पिंकी गुप्ता, ममता साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे।

---

# थाना-चौकी परिसरों में पुलिस ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रामकृष्ण साहू के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं चौकी परिसरों में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना-चौकी प्रभारियों एवं पुलिस स्टाफ ने फूल, फलदार, छायादार तथा सजावटी पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इस अभियान को /"एक पेड़ माँ के नाम/" थीम से जोड़ा गया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने थाना-चौकी परिसरों के खाली स्थानों पर पौधे लगाकर हरित वातावरण बनाने का संकल्प लिया।

डीआईजी रामकृष्ण साहू ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को परिसर को स्वच्छ, सुंदर और हराभरा बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधों और फूलों से सुसज्जित वातावरण न केवल फरियादियों को सकारात्मक अनुभव प्रदान करता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने में भी सहायक होता है। सजावटी एवं छायादार पौधे पर्यावरण को स्वच्छ रखने के साथ जलवायु संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। वृक्ष वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जिससे पर्यावरण संतुलित एवं शुद्ध बना रहता है। साथ ही, वृक्ष तापमान नियंत्रण, भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने तथा स्वास्थ्यवर्धक फल उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### दिनभर गर्मी, शाम को काले बादल छाए पर बरसे नहीं

**भिलाई।** प्री मानसून के इंतजार में बैठे ट्विसनसिटी के लोगों को शनिवार को भीषण गर्मी झेलनी पड़ी। पूरे दिन सूर्य की तेज तपिश से लोग हलाकान रहे। शाम करीब 7 बजे अचानक आसमान पर काले बादल छाए और ऐसा लगा कि अब बारिश शुरू हो जाएगी। इस बदलाव से भारी उसम की स्थिति वातावरण में निर्मित हो गया। पंखे-कूलर और एसी भी ठीक से काम नहीं करने लगे। वहीं नवतपा समाप्त होने के बाद पंचंक शुरू हो गया है। पंचक शनिवार की शाम से शुरू हुआ जो 10 जून रात को समाप्त होगा। मौसम विभाग ने इस दौरान तापमान में बढ़ोतरी होना बताया है। शनिवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सयस रहा। पिछले चार दिनों से 40 और 41 डिग्री के आसपास अधिकतम तापमान रहा है लेकिन शनिवार को गर्मी 43 डिग्री जैसा एहसास लोगों ने किया। शाम को पंचक लगने की वजह से आर्द्रता बढ़ गई।

# छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना की बैठक में गूंजे जनकवि मस्तुरिया के गीत, नए सदस्यों ने ली सदस्यता

**बेमेतरा/साजा।** छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना साजा एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी साजा की संयुक्त बैठक रविवार को साजा रेस्ट हाउस में उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की आरती एवं वंदना के साथ की गई।

इस अवसर पर जनकवि लक्ष्मण मस्तुरिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके लोकप्रिय गीत /"मोर संग चलव रे/" और /"मैं बंदत हंव दिन-रात वो मोर धरती मैया/" का सामूहिक गायन किया गया। बैठक का नेतृत्व छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना साजा के खड़ अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, शहर अध्यक्ष बेमेतरा फौजी सूर्या सिंह चौहान, खड़ अध्यक्ष सुनील वर्मा, उपाध्यक्ष कमलेश साहू, युवा अध्यक्ष राज साहू, खड़ महामंत्री जितेन्द्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में सेनानी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति और छत्तीसगढ़िया समाज के स्वाभिमान एवं अधिकारों को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ी अस्मिता की रक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनहित के मुद्दों पर संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही समाज सेवा एवं जनजागरण के लिए निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प भी दोहराया गया।



**नए सदस्यों का स्वागतः** संगठन विस्तार अभियान के तहत विवेक कुमार, बसंत कुमार, त्रिलोक चंद, संजय निर्मलकर और तुषार वर्मा सहित कई युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पदाधिकारियों ने नवसदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ के हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक का समापन छत्तीसगढ़ महतारी के जयघोष और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# मॉर्निंग वॉक कर घर लौटे युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मॉर्निंग वॉक कर घर लौटे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि अर्जुन नगर निवासी रुपेश वर्मा टूर एंड ट्रेवल्स का वाहन चलाया करता था।

इसी से अपना और परिवार का पालन पोषण करता था। रोज की तरह शनिवार की सुबह घर से रूपेश टहलने के लिए निकला था। कुछ समय बाद घर लौट कर अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जब परिवार के लोगों ने उसे देखा तो तुरंत आसपास के लोगों को जानकारी दी। रुपेश के आत्महत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक रूपेश पैसों को लेकर परेशान था।

आर्थिक दिक्कतों की बात भी सामने आ रही है। पुलिस जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। वैशाली नगर पुलिस मामले को लेकर जांच में जुटी हुई है।

# डाइट बेमेतरा के लेखापाल अमिंदर भारतीय ने 17 वीं बार किया रक्तदान, बने प्रेरणा के स्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा में पदस्थ लेखापाल अमिंदर भारतीय ने लगातार 17वीं बार रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके इस पुनीत कार्य से डाइट परिवार सहित पूरा बेमेतरा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

अमिंदर भारतीय सामाजिक और परोपकारी कार्यों के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। उन्होंने गिरौदपुरी मेला के दौरान तीन दिनों तक श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन प्रसाद की व्यवस्था की थी तथा स्वयं सैकड़ों भक्तों को भोजन परोसा था। इसके अलावा गिरौदपुरी धाम में 10 सीलिंग पंखे प्रदान कर उन्हें स्वयं स्थापित करने का कार्य भी किया था, जिसकी व्यापक सराहना हुई थी। अब 17वीं बार रक्तदान कर उन्होंने समाज के सामने मानवता और सेवा का नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। डाइट परिवार के सदस्यों ने बताया कि अमिंदर भारतीय अपने कर्तव्यनिष्ठ, समयपालन और सहयोगी स्वभाव के लिए भी जाने जाते हैं। वे प्रतिदिन कार्यालय समय से पहले पहुंचते हैं और सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद ही संस्थान से प्रस्थान करते हैं।

डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे, सहायक प्राध्यापक परसराम साहू, प्रहलाद कुमार टिकरिहा तथा व्याख्याता थलज कुमार साहू ने अमिंदर भारतीय को इस प्रेरणादायी कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर अमिंदर भारतीय ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी दुर्घटना, सर्जरी या गंभीर बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। कृत्रिम रूप से रक्त का निर्माण संभव नहीं है, इसलिए जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने का एकमात्र माध्यम रक्तदान ही है।

उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। उनके इस प्रेरक कार्य की नगर एवं जिलेभर में सराहना की जा रही है।

# कोड़िया संग्रहण केंद्र में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



कोड़िया संग्रहण केंद्र में रखे धान में शनिवार की सुबह करीब 8 बजे अचानक आग लग गई। खबर है कि पास के खेत में पराली जलाई जा रही थी। वहां उठती आग की लपटें संग्रहण केंद्र तक पहुंची, इसके बाद केंद्र के एक फड़ में आग लग गई। फड़ में पिछले साल का धान रखा हुआ था। मौके पर मौजूद लोगों की मानें तो करीब 1 हजार क्विंटल से ज्यादा धान जला। साथ ही 3400 क्विंटल के करीब धान खराब हुआ। जिला विपणन अधिकारी ने इस बात से इंकार किया है। उनके मुताबिक दो स्टेक में बोरियों में कुछ धान था। नुकसान का आकलन नहीं किया गया है। इधर आग लगने के बाद नगर सेना विभाग के फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद लगी आग पर काबू पाया गया। हादसे की जानकारी के बाद जेके लक्ष्मी सीमेंट एवं एसीसी अडानी सीमेंट की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची थी।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा

# भाजपा मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक संपन्न बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

भारतीय जनता पार्टी मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक मंडल अध्यक्ष बुलाक सिंह साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा मंडल की संगठन प्रभारी नमिता सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष बल्लूराम साहू, मंडल अध्यक्ष बुलाक सिंह साहू, मंडल महामंत्री लेखपाल यादव एवं अरुण वर्मा, पूर्व महामंत्री रोहित ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू, लूकराम साहू, पूरनलाल साहू तथा सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष लेखुराम साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर त्रिलोकी साहू, नारद देवांगन, प्रहलाद वर्मा, संतोष यादव, सूरज राजपूत, गजाधर साहू, सनत साहू, मीनाराम सिंह, रोमन निर्मलकर, नेम सिंह सेन, संजू साहू, खेमराज साहू, गोविंद साहू एवं फटीकराम साहू सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई।



बैठक में महिला मोर्चा जिला महामंत्री सरोजिनी यादव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष इंद्राणी सिंह, राजेश्वरी भुवाल, गुलापा साहू, शशिबाला साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रभान ठाकुर, ज्ञानुक राम मांडवी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिव पटेल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चिंताराम बंजारे तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी एवं सह प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रभारी, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया। पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ।

## पेज 7 का शेष

### विश्व साइकिल दिवस ...

कार्यक्रम के दौरान भारत माता चौक में पहली बार जुम्बा डांस का आयोजन किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। ऊर्जावान संगीत पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, खिलाड़ियों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। फिटनेस और मनोरंजन के इस अनूठे संगम को लोगों ने खूब सराहा।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल बच्चों और युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने आशा जताई कि शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में साइकिलिंग के स्वास्थ्य लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि नियमित साइकिल चलाने से हृदय स्वस्थ रहता है, वजन नियंत्रित रहता है और मानसिक तनाव कम होता है। साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### शहर कांग्रेस की बैठक में ...

रुक्मणी सेन, यश कुमारी, रामप्यारी यादव, रोमन वर्मा, शुभम सोनी, मुकेश वर्मा, राजू वर्मा, गुमेश चौहान, प्रकाश तुर्की, राजेंद्र वर्मा, रेवेन्द्र देवांगन, रवि रोहरा एवं राजेश निषाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वार्ड प्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।